महत्वपूर्ण एवं खास

पेपर प्रिटिंग से मशीनरी चोरी के मामले में गार्ड गिरफ्तार, भेजा गया रिमांड पर

न्याय साक्षी/रायगढ़। सोनारपारा रायगढ़ में रहने वाले वासुदेव अग्रवाल पिता सुरेश अग्रवाल उम्र 29 वर्ष द्वारा गोगा मिल के अंदर गोदाम में पेपर प्रिटिंग मशीन लगाकर प्रिटिंग का कार्य कराया जा रहा है। जहां मशीन चलाने के लिए तीन आपरेटर तथा एक, मैनेजर है। गोगा मिल में देखरेख के लिए गार्ड तैनात है। दिन पाली में गार्ड वरूण पटेल और रात पाली में सुनील साहू कार्य करते है। प्रेस के आपरेटर द्वारा 01 माह से वासुदेव अग्रवाल से शिकायत कर रहे थे कि मशीन का सामान गेयर और कट नही मिल रहा है। तब मिल में लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज देखा गया, फटेज-रिकार्डिंग में गोगा मिल का गार्ड वरूण पटेल आ. मनोरंजन पटेल उम्र 26 वर्षनिवासी साल्हेपाली थाना बरगढ़ ओडिसा चोरी करते दिखा। मिल के कर्मचारियों ने वरूण पटेल से पूछताछ किये तो उसने चोरी करना कबुला किया। चोरी की रिपोर्ट वासुदेव अग्रवाल द्वारा पुलिस चौकी जुटमिल में करने पर वरूण पटेल के विरूद्ध अप.क्र. 566/19 धारा 454,380 आईपीसी पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

ग्राम बोजिया ईट भट्ठा के पास जुआ खेलते 05 जुआड़ियों को छाल पुलिस ने पकड़ा

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना छाल स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम बोजिया में राज सेठ के ईट भट्ठा के पास तास पत्ती से जुआ खेल रहे व्यक्तियों को रेड कर पकडे, रेड कार्यवाही में (1) दिलीप नायक पिता मोहन राम उम्र 45 वर्ष साकिन नावापारा (2) संजु चंद्रा पिता महेश राम उम्र 25 वर्ष सा0 नावापारा (3) बरतराम पिता करम साय उम्र 40 वर्ष साकिन बोजिया (4) शेखरजाक पिता अब्दुला साकिन बोजिया (5) बृजमोहन सारथी पिता फल सिंह उम्र 50 वर्ष साकिन नावापारा (6) सलमान खान पिता अब्दुर सतार उम्र 29 वर्ष साकिन बोजिया को रंगे हाथ जुआ खेलते हुए पकडे गए जिनके फड एवं पास से जुमला रकम 2350 रूपये एवं 52 पत्ती तास, एक प्लास्टिक बोरी जप्त किया गया है। जुआडियों पर छाल पुलिस द्वारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना की सफलता के लिए सभी विभागों का समन्वित प्रयास जरूरी- प्रभारी सचिव

प्रभारी सचिव अन्बलगन पी.ने ली समीक्षा बैठक

न्याय साक्षी/रायगढ़। प्रभारी सचिव अन्बलगन पी.विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार)खनिज संसाधन की अध्यक्षता में आज यहां सृजन सभाकक्ष में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर कलेक्टर यशंवत कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

प्रभारी सचिव अन्बलगन पी. ने कहा कि नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी शासन की एक व्यापक परिकल्पना है और चारों घटक एक दूसरे से संबंधित है। उन्होंने कहा कि किसान का खेती से संबंधित कार्य अनिश्चितता भरा होता है। नरवा, घुरवा, गरूवा एवं बाड़ी प्रत्यक्ष रूप से किसानों से जुड़ा है। इसकी गंभीरता को समझते हुए कार्य करने की जरूरत है। इसके लिए सभी विभागों के समन्वित प्रयासों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस योजना के शीघ्र ही परिणाम दिखाई देंगे। नरवा प्रोजेक्ट में जी.आई.एस. मैपिंग का उपयोग करते हुए भूमिगत जल स्तर का समुचित उपयोग किया जाए एवं इसे मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा तभी कामयाब होगा। गौठान तैयार होने से किसानों के बहुत फायदा मिलेगा। जितने जगह गौठान निर्मित है। उन्हें स्वप्रेरित ढंग से स्थायी बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसानों के रासायनिक खाद के स्थान पर जैविक खाद का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें। किसान अपनी ही बाड़ी में खाद तैयार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) द्वारा खनन प्रभावित प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों की सूची सावधानी पूर्वक तैयार करें। स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल एवं अन्य क्षेत्रों में कार्य योजना के अनुरूप कार्य करें।

कलेक्टर यशवंत कुमार ने बताया कि नरवा, गुरूवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना के तहत जिले में 13 नाले चयनित किए हैं। जिले में 114 गौठान है एवं सभी में कार्य जारी है। घुरवा के लिए 114 ग्राम चयनित किए गए है। जहां भू नाडेप, नाडेप टैंक, वर्मी बेड जैसी संरचनाओं का निर्माण किया गया है। बाड़ी कार्य कार्यक्रम में नवीन बाड़ी के निर्माण के साथ ही पुरानी बाड़ी का भी पुनरूद्धार किया गया है। जहां अक्षय चक्र एवं परम्परागत मॉडल से बाड़ी विकसित किया जा रहा है। कलेक्टर ने बताया कि पहली में प्रवेश हेतु 27705 का लक्ष्य था जिसमें से अब तक 25988 की पूर्ति कर ली गई है। कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु 27183 का लक्ष्य जिसमें से 25756 की पूर्ति कर ली गई है। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा कि बच्चे शाला त्यागी न हो इसका विशेष ध्यान रखें।

कार की ठोंकर से तीन युवक घायल, सारंगढ़ राइनो ने आहतों को अस्पताल पहुंचाया

न्याय साक्षी/रायगढ़। ग्राम पेलागढ थाना सराईपाली जिला महासमुंद का निवासी नीलमणी बरिहा आ. रामलाल बरिहा उम्र 20 वर्ष गांव के देवकुमार बरिहा (18 साल), गोविंद बरिहा (21 साल) के साथ दिनांक 24.07.2019 को सुबह एक मोटर सायकल में तीनों ग्राम नवागढ सराईपाली तेल निकलवाले के लिये तेल मिल आये थे, जहां काम हो जाने के बाद तीनों वापस घर मोटर सायकल में घर जाने के लिये निकले। मोटर सायकल को गोविंद बरिहा चला रहा था बीच में देवकुमार और पीछे नीलमणी बैठा था कि ग्राम कगीडीपा के पास सुबह करीब 10:00 बजे सामने की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी15 सीएक्स 6006 का चालक तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। दुर्घटना का इवेंट सारंगढ़ राइनो को मिलने पर घटनास्थल पहुंची और आहतों को शासकीय अस्पताल सारंगढ लेकर आयी। घटना के संबंध में नीलमणी बरिहा के रिपोर्ट पर कार चालक के विरूद्ध थाना सारंगढ़ में अप.क्र. 334/19 धारा 279, 337 आईपीसी दर्ज किया गया है।

सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) भर्ती परीक्षा 28 जुलाई को

न्याय साक्षी/रायगढ़। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) (एसईटीएल 19) भर्ती परीक्षा का आयोजन 28 जुलाई को प्रातः 10 से दोपहर 1.15 बजे तक किया जाएगा। इसके लिए जिले में 48 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है।

कलेक्टर यशवंत कुमार ने उक्त परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रों में 3 सदस्यीय उडन् दस्ता दल नियुक्त किया है। उडन् दस्ता दल परीक्षा केन्द्रों की परीक्षावधि में सतत निगरानी रखेंगे। इसी तरह आब्जर्वर भी नियुक्त किए गए है। गोपनीय सामग्री 28 जुलाई को प्रातः 7 बजे जिला कोषालय रायगढ़ से प्राप्त किया जा सकता है। गोपनीय सामग्री प्राप्त कर परीक्षा प्रारंभ होने के 1.30 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचायेंगे एवं परीक्षोपरांत केन्द्राध्यक्ष से गोपनीय सामग्री (सील्ड बॉक्स)प्राप्त कर किरोड़ीमल शास.कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ में जमा करेंगे।

पुलिस महिला रक्षा टीम का जागरूकता कार्यक्रम

न्याय साक्षी/रायगढ़। बच्चों व महिला के प्रति अपराधिक घटनाओ पर कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस महिला रक्षा टीम पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशन पर जिले के तमाम स्कूल में जाकर छात्राओं को गुड टच और बेड टच के बारे में जानकारी दी जा रही है इस अभियान का मकसद छात्राओं को महिला अपराधों, उनके अधिकार, कानूनी सहायता एवं विभिन्न पहलुओं पर जागरूक करना है।

आज दिनांक 25.07.19 को ए.एस.पी. (आईयुसीएडब्ल्यू) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भैया स्वयं पूंजीपथरा के ग्राम तराईमाल स्कूल में महिला सेल द्वारा आयोजित किये गये कार्यक्रम में छात्राओं को सम्बोधित करने के लिये पहुंचे।

ए.एस.पी. डॉ. भैया ने बच्चों को पॉकसो एक्ट के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देकर किस प्रकार पुलिस से सहायता प्राप्त कर सकतें हैं बताया गया साथ ही बताये कि वर्तमान में सोशल मीडिया के इस्तेमाल से छात्राओं, महिलाओं को तमाम परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फेसबुक, व्हाटसअप आदि के जरिये अश्लील मैसेज, प्रोफाईल फोटो से छेडछाड आदि की शिकायतें मिलती है। इसलिये इनके इस्तेमाल पर सावधानी बरतें।

आवश्यकता है
CAREER SCHOOL
अंग्रेजी माध्यम (English Medium) में कक्षा 8 वीं, 9वीं एवं 10वीं के लिए
गणित एवं अंग्रेजी विषय हेतु अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार
मिलने का समय- सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक
अभ्यार्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा के साथ उपस्थित होवें।
CAREER SCHOOL
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़

CAREER HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL
Topper Students Last Session
Tarun 90%
Yamini 98%
Shraddha 93%
Priyanka 96%
Prerna 84%
Hitendra 99%
Akanksha 90%
Geetanjali 99%
Chetna 94%
Arpita 93%
Arpita 98%
Rakesh 97%
Sejal 88%
Shiva 97%
Topper Students Last Session
Sushant 92%
Prince 97%
Kusum 98%
Abhishek 99%
Aayush 93%
Prachi 97%
Tulika 96%
Pari 96%
Aradhya 97%
Ananya 99%
Ashish 96%
Ankita 99%
Join CAREER...

CAREER SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
ADMISSION OPEN
पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th
Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....
CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं. 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री श्यामल श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों क्रमशः सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐश्वर्या श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्ते एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य क्षेत्र में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं सैद्धांतिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090
ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480